# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail..com

पत्रांक 577 / M-3 / 60 दिनांक 20/08/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,

बस्ती।

विषय: **दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 10.08.2026 को प्रकाशित "रौनिया गांव में जल जीवन मिशन के नलों में भ्रष्टाचार:गड्ढों में लगे नल, बीडीओ ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित दिनांक 10.08.2026 को प्रकाशित "रौनिया गांव में जल जीवन मिशन के नलों में भ्रष्टाचार:गड्ढों में लगे नल, बीडीओ ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसकी आख्या निम्नवत् है-

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| बस्ती के रुधौली विकास क्षेत्र के रौनिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के 'हर घर नल' के दावे के विपरीत, ये नल ऐसी जगहों पर स्थापित किए गए हैं जहां उनका उपयोग करना असंभव है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई नल घरों से दूर, गड्ढों या अनुपयुक्त स्थानों पर लगाए गए हैं। इससे लोग न तो उनका उपयोग कर पा रहे हैं और न ही स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर पा रहे हैं। यह स्थिति योजना के मूल उद्देश्य को विफल कर रही है। इस तरह की अनियमितताओं से सरकार की 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'जल जीवन मिशन' जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। निचले स्तर पर हो रहा यह भ्रष्टाचार सरकारी प्रयासों को कमजोर कर रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर ब्लॉक बीडीओ अवध प्रताप सिंह ने इस पर संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने यह भी आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द नलों की मरम्मत कराई जाएगी और उनके चबूतरे भी तैयार किए जाएंगे ताकि ग्रामीण उनका सही ढंग से उपयोग कर सकें। | उक्त के क्रम में सादर अवगत कराना है कि वर्तमान में हैण्डपम्प अधिष्ठापन/मरम्मत सम्बन्धित कार्य 14 वें वित्त के बी-54. माध्यम से जिला पंचायत राज विभाग/सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है। उ०प्र० जल निगम ग्रामीण विभाग द्वारा हैण्डपम्प सम्बन्धी कार्य नहीं कराया जाता है। प्रकरण सम्बन्धित ग्राम पंचायत /जिला पंचायत राज विभाग से सम्बन्धित है ।<br>ग्राम पंचायत रौनहिया में पेयजल योजना हेतु भूमि न मिलने के कारण उक्त ग्राम पंचायत को परसा जप्ती पेयजल योजना में सम्मिलित कर दिया गया है। जिसके अन्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, बाउन्ड्रीवाल, शिरपोरि जलाशय -1 नग(क्षमता-275 किली०/12 मी० स्टेजिंग) का कार्य पूर्ण है एवं पाईप लाईन 15.00 किमी० के सापेक्ष 8.00 किमी पूर्ण, गृह संयोजन 410 नग के सापेक्ष 159 नग गृह संयोजन उपलब्ध कराया जा चुका है। रोड रेस्टरेशन का कार्य 50 प्रतिशत पूर्व की भॉति पुनर्स्थापित कर दिया गया है तथा शेष तोड़ी गयी सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है जिसे पाइप लाईन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉति पुनर्स्थापित करा दिया जायेगा। वर्तमान में योजना के शेष कार्य प्रगति पर है।<br>जल जीवन मिशन के तहत सभी पेयजल परियोजनाओं को लक्षित समयान्तर्गत दिसम्बर-2028 तक पूर्ण कराते हुए जनपद के समस्त ग्रामों में समस्त घरों को नियमित रूप से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाना लक्षित है।<br>जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है। अतः उपरोक्त प्रकरण को निस्तारित करने की कृपा करें। |

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(एस रहमान)

अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० तथा **दिनांक तदैव**:-

प्रतिलिपि:- **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1) **अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।**
2) मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3) मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
4) अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

अधिशासी अभियन्ता